भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

SAHARA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

HINDI & ENGLISH

Mob: -+91 9415995241

Director: Kamlesh Gaur

DOAP, ADCA, DCA, DFA, TALLY

Introduction to MS word – MS word in Hindi

MS word को **Microsoft** द्वार **develop** किया गया है। इसलिए इसका पूरा नाम **Microsoft Word** है। जोकि **Microsoft suit** में शामिल है।

इस सॉफ्टवेयर को चार्ल्स सिमोनी और रिचर्ड ब्रॉडी द्वारा विकसित किया गया। जिसे पहेली बार **1983** में **released** किया गया।

इस सॉफ्टवेयर को **Microsoft Windows, Apple macOS, Android, and Apple iOS** ऑपरेटिंग सिस्टम में चलाया जा सकता है**,** और **WINE** का उपयोग करके लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम पर भी चल सकते है।

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड क्या है? – What is Microsoft Word?

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एक **word processing application** है। इस सॉफ्टवेयर को कभी-कभी **WinWord, MS Word,** और **Word** भी कहा जाता है।

Microsoft word का उपयोग **professional documents, letters, reports** और **resumes** आदि बनाने के लिए किया जाता है**,** और भी इसमें खास विशेषताएं है।

जैसे की **text editing, spelling checking, grammar checking, font formatting, image support, advance page layout, tables, mail merge, header and footers**
और भी बहुत कुछ जिनके बारे में आप आगे जानेंगे।

यह एक **word processor software** है, जोकि **wordpad** से बहुत **advance** है।
इसकी सहायता से **user** विभिन्न प्रकार एक **documents** बना सकते है।

उदाहरण के लिए, आप इसमें **resume** बना सकते है या **template** के उपयोग से उसमे **editing** करके काम समय में अपना **resume** तैयार कर सकते है।

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड की फाइल का एक्सटेंशन-

\MS word के पुराने **version** में **.doc file extension** का उपयोग किया जाता था।
लेकिन इसके **new version** में **.docx file extension** का उपयोग किया जाता है।

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एडिटर कैसा दिखता है? – What does Microsoft Word Editor look like?

नीचे आपको **Microsoft Word 2013 document** की विंडो दिखाई गई है।



माइक्रोसॉफ्ट वर्ड के कितने संस्करण है? – How many versions of Microsoft Word?

नीचे **Microsoft Word** के अलग अलग **version** के बारे में बताया गया है।

Version of Microsoft word	Released in (year)
Word 1.0	1989
Word 1.1	1990
Word 2.0	1991
Word 6.0	1993
Word 95	1995
Word 97	1997

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड अपने कंप्यूटर में कैसे खोले? – How to open Microsoft Word on your computer?

MS word in Hindi में अब आगे जानते हैं की इसे कैसे open करें?

अगर आपके कंप्यूटर में **Microsoft Windows operating system** है**,** और **Microsoft office** का **package installed** है**,** तो आप **Microsoft Word** को इस प्रकार खोल सकते है।
Start menu में जाकर**, Microsoft Word** का **icon select** करके क्लिक करें**,** तो आपके कंप्यूटर में **MS Word** की **window open** हो जाएगी।

यदि आपके कंप्यूटर **icon** नहीं दिख रहा है**,** तो **search box** में **MS word** टाइप करके **search** करें।
या फिर आप इसे **run command** का उपयोग करके भी खोल सकते है**, Window button + R press** करके **type** करिये **Winword** और **enter key** या **ok press** करिये।

1. यदि माइक्रोसॉफ्ट वर्ड आपके कंप्यूटर में पहले से इनस्टॉल है और आप उसे **start menu** में **search** नहीं कर पा रहे। तो आप इसे अपने कंप्यूटर में खुद से **lunch** कर सकते है। उसके लिए आपको कुछ निम्न बातों का ध्यान देना होगा।
2. सबसे पहले **My Computer** खोले।
3. फिर **C: Drive** को क्लिक करके **open** करें और इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस अन्य ड्राइव में है तो उसे **Open** करें।
4. **Program Files (x86) folder** को खोले और
5. **Microsoft office folder** खोले
6. फिर **office xx folder** खोले)**xx** का मतलब **MS office** का **version** से है जैसे की **office 15)** यदि कोई **office** नाम का **folder** नहीं है, तो **WINWORD.EXE** फोल्डर को खोले या **double** क्लिक करें।
7. फिर **"Next" button** पर **click** करें, बॉक्स में **"Word"** टाइप करे और **"finish" button** पर **click** करें।

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड कैसे खरीदे? – How to purchase Microsoft Word?

MS word in Hindi के बारे में एक महत्त्वपूर्ण सवाल यह है की इसे कैसे प्राप्त करें?
यदि आपका कंप्यूटर नया है, तो इसे चलाने के लिए आपको खरीदना होगा या फिर आप इसे खरीदना नहीं चाहते है,
तो आप **Microsoft Office** की **website** से **free** में **limited version** का उपयोग कर सकते है।

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड की विशेषताएँ क्या हैं? – What are features of Microsoft Word?

Microsoft Word सबसे अधिक उपयोग किये जाने वाला **digital word processor** है। जिसका उपयोग **students, professional** और **business** द्वारा किया जा रहा है।
नीचे आप इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में जानेंगे।

Documents and Microsoft word template

पहली बार जब आप इस सॉफ्टवेयर को खोलते है, तो आप देखेंगे की उसमें दो **option** होते है।
पहला **New blank document** और दूसरा **new/existing Microsoft word templates.**
Blank document एक **plan page** होता है। जिसमे आप **text** लिखना, **formatting** आदि कार्य कर सकते है। इसमें हर एक **page** का **page size** और **layout** होता है।

Microsoft word templates पहले से बने **formats** होते है। जिन्हे आप अपनी आवश्यकता के अनुसार **select** कर सकते है। इनके उपयोग से आप कम समय में अच्छी फाइल तैयार कर सकते है।

Tabbed ribbon in new version

आज कल माइक्रोसॉफ्ट वर्ड के **new version** में **Ribbon** दिखाई देते है। इसकी शुरुवात **2007** के **version** से की गई थी। यह इसकी सबसे अच्छी विशेषता है।
Ribbon में कमांड होते है। जोकि स्क्रीन में एक क्रम में दिखाई देते है।

MS Word में "Home Tab" क्या है और इसका उपयोग?

MS Word में **Home Tab** एक डिफ़ॉल्ट टैब होता है। जो यूजर को सबसे अधिक उपयोग किये जाने वाले **Commands/Controls** तक पहुँच प्रदान करता है। इनके इस्तेमाल से यूजर यह तय कर सकते है**,** कि डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट कैसा दिखाई देगा।
समान्यतः जब आप **MS Word** ओपन करते है**,** तो **Home Tab** डिफॉल्ट रूप से ओपन रहती है। हालांकि आप **Menu Bar** में **Home** पर क्लिक करके भी इसे एक्सेस कर सकते है।



MS Word में एक डॉक्यूमेंट क्रिएट करने के दौरान **Home Tab** का उपयोग सबसे ज्यादा होता है। उदाहरण के लिए **Front** का **Type, Size,** और **Color** बदलने**; Text** को **Bold, Italic** और **Underline** करने**; Text** को **Cut** और **Paste** करने से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण **Commands** इस टैब में मौजूद होते है।

नीचे पोस्ट में आपको **Home Tab** के सभी **Commands** और उनके कार्यो के बारे में विस्तार से जानने को मिलेगा।

Home Tab के सभी Commands और उनके Functions

MS Word में **Home Tab** सबसे महत्वपूर्ण टैब है। इसमें वो सभी **Commands** शामिल होते है**,** जिनका उपयोग डॉक्यूमेंट बनाने के दौरान सबसे अधिक होता है।

यूजर **Home Tab** को अपने कीबोर्ड के माध्यम से **Alt+H Shortcut Key** दबाकर ओपन कर सकते है**,** या वे माउस के उपयोग से **Menu Bar** में मौजूद **Home Tab** पर क्लिक कर सकते है।

HOME TAB के अंदर पांच COMMAND GROUPS होते है:

1. **Clipboard**
2. **Font**
3. **Paragraph**
4. **Styles**
5. **Editing**

CLIPBOARD GROUP



1. **Home Tab** के अंदर **Clipboard Group** सबसे बाई तरफ मौजूद होता है। इसमें कुछ प्रमुख **Commands** जैसे – **Cut, Copy, Paste** और **Format Painter** शामिल किये गए है। इनका उपयोग क्या है, इससे ज्यादातर यूजर परिचित होते है।
2. **Cut** – इस **Command** का उपयोग करके आप डॉक्यूमेंट में किसी टेक्स्ट को या पूरे पैराग्राफ को **Remove** कर सकते है, और उसे डॉक्यूमेंट में दूसरे स्थान पर **Paste** कर सकते है।
3. **Copy** – डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट को **Copy** करने के लिए इस **Command** का उपयोग किया जाता है।
4. **Paste** – **Copy** किये गए टेक्स्ट को डॉक्यूमेंट में किसी भी स्थान पर **Paste** करने के लिए इस विकल्प का इस्तेमाल होता है।
5. **Format Painter** – इस विकल्प की मदद से आप एक टेक्स्ट के फॉरमेट को दूसरे टेक्स्ट में अप्लाई कर सकते है।
6. **Clipboard Launcher** – यह विकल्प **Clipboard Group** के निचले दाएं कोने में स्थित होता है। डॉक्यूमेंट में आपके द्वारा **Cut** और **Copy** किये गए आइटम यहां स्टोर रहते है।

FONT GROUP



1. **Font Group,** में शामिल **Commands** का प्रयोग **Text Formatting** के लिए किया जाता है। इनके उपयोग से हम टेक्स्ट के लुक को आकर्षक बना सकते हैं। जिससे डॉक्यूमेंट को पढ़ने में हमको सुविधा हो। फॉन्ट समूह विकल्प आपको डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट का **Style, Size,** टेक्स्ट का **Color** इत्यादि बदलने की अनुमति प्रदान करता हैं।
2. **Font Type –** इसका इस्तेमाल **MS Word** में **Font Style** को बदलने के लिए किया जाता हैं। उदाहरण के लिए **Calibri, Arial, etc.**
3. **Font Size –** इसका उपयोग फॉन्ट के आकार को बड़ाने और घटाने के लिए किया जाता हैं।
4. **Increase/Decrease Font Size –** इनका उपयोग भी **Text Size** को बड़ा और छोटा करने के लिए होता है।
5. **Bold –** टेक्स्ट को बोल्ड (मोटा) आकार देने के लिए इसका उपयोग कियाजाता हैं।
6. **Italic –** इसका उपयोग आपके द्वारा सेलेक्ट किये गए टेक्स्ट को **Italic** रूप देने के लिए किया जाता हैं। इसका मतलब यह है**,** कि फ़ॉन्ट की बॉडी आगे की ओर झुकी हुई हैं।
7. **Underline –** आपके द्वारा सेलेक्ट किये गए टेक्स्ट को **Underline** करने के लिए इसका इसका यूज़ होता हैं।
8. **Strikethrough –** यह टेक्स्ट पर खींची हुयी सीधी लाइन होती है। देखने में ऐसा लगता है**,** मानो टेक्स्ट को काटा गया है। इसका उपयोग यह संकेत देने के लिए किया जाता है**,** कि उस टेक्स्ट को हटा देना चाहिए।
9. **Subscript –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट की लाइन के ठीक नीचे बहुत छोटे अक्षर टाइप करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर रासायनिक फार्मूला)**H2O)** लिखते समय यह विल्कप काम आता है।
10. **Superscript –** इस विकल्प का उपयोग टेक्स्ट की लाइन के ठीक उप्पर बहुत छोटे अक्षर टाइप करने के लिए किया जाता है। **Word** में मैथमेटिक्स सूत्र)**a2+b2)** लिखने के लिए इसका उपयोग करते है।
11. **Text Highlight Color –** आप इसका उपयोग डॉक्यूमेंट में किसी टेक्स्ट या पैराग्राफ को कलर के माध्यम से हाइलाइट करने के लिए कर सकते हैं।
12. **Font Color –** डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट के कलर को बदलने के लिए इस विकल्प का इस्तेमाल होता है।

13. **Clear All Formatting –** इस विकल्प का उपयोग सेलेक्ट किये गये टेक्स्ट, पैराग्राफ या पुरे डॉक्यूमेंट में अप्लाई की गयी फॉर्मेटिंग को डिलीट करने के लिए किया जाता हैं।

14. **Text Effects and Typography –** टेक्स्ट का लुक बदलने के लिए आप इस विकल्प की मदद से उसमें **Shadow** और **Glow** जैसे कई सारे **Effects** अप्लाई कर सकते है।

15. **Change Case –** यह फ़ंक्शन आपको टेक्स्ट केस को बदलने की अनुमति देता है। इस विकल्प के अंदर तीन मुख्य विकल्प शामिल होते है। जिसमें **Sentence Case** पहला है। इसके उपयोग से आप किसी **Sentence** के पहले अक्षर को **Uppercase** और अन्य सभी अक्षरों को **Lowercase** कर सकते है। इसके अलावा दो अन्य विकल्प **Uppercase** और **Lowercase** की मदद से आप टेक्स्ट के सभी अक्षरों को बड़ा और छोटा कर सकते है।

PARAGRAPH GROUP



- **Paragraph Group** हमें पूरे डॉक्यूमेंट का लुक बदलने की अनुमति देता है। इसमें मौजूद **Paragraph Formatting Commands** का उपयोग करके आप डॉक्यूमेंट में दी गयी जानकारी को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर सकते है।

- **Bullets –** डॉक्यूमेंट में **Bullet Points** जोड़ने के लिए इस विकल्प का इस्तेमाल होता है।
- **Numbering –** इस विकल्प की मदद से आप डॉक्यूमेंट में **Numbered List** क्रिएट कर सकते है।
- **Multilevel List –** डॉक्यूमेंट की रूपरेखा बनाने के लिए इस विकल्प का उपयोग होता है। यह आपको कई **Level** वाली **List** बनाने में मदद करता है।

- **Align Left, Center, Right & Justify –** इन विकल्प का इस्तेमाल डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट को बाएं, बीच में, दाएं और बराबर एक फॉरमेट में करने के लिए होता है।

- **Line & Paragraph Spacing –** टेक्स्ट की लाइन या पैराग्राफ्स के बीच रिक्त स्थान की मात्रा को बदलने के लिए इस विकल्प का चयन करें।

- **Decrease Indent –** पैराग्राफ को डॉक्यूमेंट के बाएं कोने में धकेलने के लिए इस विकल्प का इस्तेमाल करें।
- **Increase Indent –** पैराग्राफ को डॉक्यूमेंट के बाएं कोने से दूर ले जाने के लिए इस विकल्प का इस्तेमाल करें।
- **Sort –** इस विलक्प कि मदद से आप लिस्ट में मौजूद टेक्स्ट को **Sort** कर सकते है। ताकि टेक्स्ट वर्णमाला क्रम)**A to Z or Z to A)** में दिखाई दे।
- **Show/Hide –** यूजर द्वारा डॉक्यूमेंट में की गई फोर्मेटिंग जो आमतौर पर छुपी हुई होती है, जैसे रिक्त स्थान, पैराग्राफ मार्कर, टैब मार्क, इत्यादि को दिखाने और छुपाने के लिए इस विकल्प का इस्तेमाल होता है।
- **Border –** चुने गए टेक्स्ट या पैराग्राफ के चारों और **Border** बनाने के लिए, इस विकल्प पर क्लिक करें।
- **Shading –** अगर आपको डॉक्यूमेंट में किसी टेक्स्ट या पैराग्राफ के बैकग्राउंड में कलर चाहिए तो इस विकल्प का उपयोग करें।

STYLES GROUP



- **Styles Group,** में पहले से तैयार कुछ महत्वपूर्ण **Styles** शामिल किए है। जो डॉक्यूमेंट के लेआउट और डिज़ाइन में बहुत अधिक प्रभाव डालते है। जब आप डॉक्यूमेंट में फोर्मेटिंग अप्लाई करने के लिये इन **Styles** का उपयोग करते है, तो आप पूरे डॉक्यूमेंट में कई सारे बदलावों को आसानी से एक साथ लागू कर पाते है।

- **Styles Group** में कुछ प्रमुख **Commands** जिनमें **Heading, Title, Subtitle, No Spacing, Emphasis, Strong, Quote, Book Title, etc.** शामिल है।

EDITING GROUP

- **Editing Group** में वह **Commands** होते है, जिसे यूजर द्वारा टेक्स्ट को **Find, Replace** और **Select** करने के लिए इस्तेमाल किया जाता हैं। **Home Tab** में यह ग्रुप सबसे दाहिने कोने पर मौजुद होता हैं।
- **Find –** यह विकल्प आपको डॉक्यूमेंट में किसी टेक्स्ट को खोजने की सुविधा प्रदान करता हैं। इस **Command** का उपयोग करके आप वर्ड डॉक्यूमेंट के किसी करैक्टर, शब्द, या शब्दों के समूहों को आसानी से खोज पाते हैं।
- **Replace –** यह **Command** वर्ड डॉक्यूमेंट में किसी भी खोजे गए टेक्स्ट की जगह दूसरे टेक्स्ट को **Replace** करने की सुविधा प्रदान करता हैं।
- **Select –** इस विकल्प की मदद से आप पुरे डॉक्यूमेंट, किसी ऑब्जेक्ट, या एक जैसी फॉर्मेटिंग वाले टेक्स्ट को सेलेक्ट कर सकते है।

MS Word में Insert Tab क्या है इसका उपयोग

- **Word** में **Insert Tab** दूसरे नंबर की टैब है। इस पर क्लिक करने पर हमें कई सारे टूल्स दिखाई देते है, जिनका उपयोग हम डॉक्यूमेंट में कुछ अतिरिक्त चीजें जैसे **Table, Picture, Shapes, Smart Art, Chart, Header, Footer, Link, etc. Insert** करने के लिए कर सकते है।

- नीचे दिखाई गई पिक्चर **Insert Tab** का स्क्रीनशॉट है।



Insert Tab की Commands



- **Insert Tab** में कुल दस **Commands Group** होते है। जिनमे **Pages, Tables, Illustration, Add-ins, Media, Links, Comments, Header & Footer, Text** और **Symbols** ग्रुप शामिल है। आइये इन सभी के बारे में एक-एक करके विस्तार से जानें।

PAGES



- उप्पर इमेज में आप देख सकते है, कि **Pages Group** में कुल तीन **Commands** है। यह सभी डॉक्यूमेंट पेज से सम्बंधित है। आइये जाने इन **Commands** का क्या उपयोग है।
- **Cover Page –** इस **Commands** का उपयोग आप डॉक्यूमेंट में एक **Cover Page Insert** करने के लिए कर सकते हैं। इसमें कई सारी टेम्पलेट्स भी मौजूद हैं, जिनका इस्तेमाल आप बेहतर **Cover Page** डिज़ाइन करने के लिए कर सकते हैं।
- **Blank Page –** इसके द्वारा आप डॉक्यूमेंट में एक नया **Blank Page Insert** कर सकते हैं।
- **Page Break –** इस **Command** का उपयोग वर्ड पेज में आपके द्वारा जहाँ पर कर्सर रखा होता हैं, वहां से एक नया पेज **Insert** करने के लिए होता है।
-

TABLES

- यह विकल्प आपको माइक्रोसॉफ्ट वर्ड डॉक्यूमेंट में **Table Insert** करने की अनुमति देता हैं। इसमें आप **Table** को अलग डिज़ाइन भी दे सकते है।

ILLUSTRATION



- **Illustration Group** का उपयोग आप अपने डॉक्यूमेंट पेज पर **Picture, SmartArt, Shapes, Chart, Screenshot, etc.** को **Insert** करने के लिए करते हैं।
- **Picture –** पेज पर **Picture Insert** करने के लिए इस विकल्प पर क्लिक करें।
- **Shapes –** इस विकल्प का प्रयोग आप वर्ड डॉक्यूमेंट में एक या उससे अधिक **Shapes** को जोडने के बाद उसमे टेक्स्ट**,** बुलेट**,** नंबरिंग और रंग इत्यादि जोड़ने के लिए कर सकते हैं।
- **SmartArt –** डॉक्यूमेंट में जानकारी को ग्राफिक के जरिये दर्शाने के लिए आप **Smart Art** का उपयोग कर सकते हैं।
- **Chart –** डॉक्यूमेंट पेज पर जानकारी को ग्राफ़िक्स के जरिये प्रदर्शित करने के लिए चार्ट विकल्प का प्रयोग करें।
- **Screenshot –** इस विकल्प की मदद से आप अपने डिवाइस से स्क्रीनशॉट लेकर डॉक्यूमेंट में **Insert** कर सकते है।

ADD-INS



- **Add-ins Group** की मदद से यूजर कुछ अतिरिक्त प्रोग्राम को **Word** में जोड़ सकते है। उदाहरण के लिये हमने **Wikipedia App** को **Word** में जोड़ा। इसके बाद उसमें मौजूद जानकारी को हम आसानी से एक्सेस करके अपने डॉक्यूमेंट में इस्तेमाल कर सकते है।
- **Add-ins** का उपयोग करके कई सारे अन्य कमांड और फीचर **Word** में जोड़े जा सकते है। इस टूल का उपयोग करके यूजर अपने **Word** की कार्यक्षमता को बड़ा पाते है। इस ग्रुप के अंदर आमतौर पर आपको दो विकल्प दिखाई देंगे। आइये जाने उनका क्या इस्तेमाल है।
- **Get Add-ins –** इस विकल्प पर क्लिक करने से आपके सामने **Office Add-ins Store** की विंडो ओपन होगी जहाँ से आप **Add-ins** को सर्च करके उन्हें **Word** में जोड़ सकते है।
- **My Add-ins –** आपके द्वारा पहले से जोड़े गए **Add-ins** को इस विकल्प पर क्लिक करके आप एक्सेस कर सकते है।

MEDIA

- **Media Group** में आपको **Online Video** का विकल्प दिखाई देगा। जिस पर क्लिक करके आप किसी भी **Online Video** को पेज में कही भी **Insert** कर सकते है। जिस भी वीडियो को पेज में लगाना चाहते है**,** उसके **URL** को कॉपी कीजिये और **Insert Video** के बॉक्स में कॉपी कर दीजिए।

LINKS



- **Link –** वर्ड डॉक्यूमेंट में किसी वेब पेज या अन्य फाइल को लिंक करने के लिए इस विकल्प पर क्लिक कीजिए।
- **Bookmark –** इस विकल्प का उपयोग डॉक्यूमेंट के अंदर **Bookmark** बनाने के लिए किया जाता है। अगर आपका डॉक्यूमेंट बहुत बड़ा है**,** और आप पेज के किसी विशिष्ट बिंदु तक जल्दी से पहुँचना चाहते तो उसका लिंक बनाकर उसे **Bookmark** कर सकते है।
- **Cross-reference –** यह विकल्प आपको एक ही डॉक्यूमेंट पेज के अन्य भागों जैसे शीर्षक**,** टेबल या चार्ट से लिंक करने की अनुमति देता है। ऐसा तब किया जाता है**,** जब आपको डॉक्यूमेंट में किसी अन्य भाग को **Reference** देना है।

COMMENTS

इस फ़ीचर का प्रयोग यूज़र द्वारा वर्ड दस्तावेज़ में टेक्स्ट टिप्पणी जोड़ने के लिए किया जाता हैं।

HEADER & FOOTER



- **Header –** यह डॉक्यूमेंट पेज का सबसे ऊपरी भाग होता है। जिसका प्रयोग आप प्रत्येक पेज पर कुछ महत्वपूर्ण जानकारी जैसे **Title, Date, Page Number, etc.** को जोड़ने के लिए कर सकते हैं। जो आपके दस्तावेज को प्रोफेसशनल रूप प्रदान करता हैं।

- **Footer –** यह डॉक्यूमेंट पेज का सबसे निचला भाग होता हैं। जिसका इस्तेमाल आप डॉक्यूमेंट के प्रत्येक पेज पर **Page Number, Date, Copyright, etc.** जोड़ने के लिए करते हैं।
- **Page Number –** डॉक्यूमेंट में **Page Number Insert** करने के लिए इस विकल्प का उपयोग कीजिये।

Text



- **Text Box –** डॉक्यूमेंट में **Text Box** जोड़ने के लिये इसका उपयोग किया जाता है। किसी विशेष टेक्स्ट को हाइलाइट करके दिखाने के लिए इसका इस्तेमाल करें।
- **Quick Parts –** अपने डॉक्यूमेंट में प्रीफॉर्मेटटेड टेक्स्ट, ऑटो टेक्स्ट, डॉक्यूमेंट प्रोपर्टीज, और फील्ड **Insert** करने के लिए इस विकल्प पर क्लिक करें।
- **Signature Line –** यह विकल्प आपको पेज के अंत मे **Signature Line Insert** करने में मदद करता है। इसमें लाइन के नीचे हस्ताक्षरकर्ता का नाम, प्रोफेशन, और ईमेल आईडी आता है। इसके उप्पर हस्ताक्षरकर्ता अपने डिजिटल हस्ताक्षर कर सकता है।
- **WordArt –** अगर आप विभिन्न प्रकार के टेक्स्ट इफेक्ट्स अपने वर्ड पेज में **Insert** करना चाहते है, तो इस विकल्प पर क्लिक करें।
- **Date and Time –** पेज में वर्तमान टाइम और डेट **Insert** करने के लिए इस विकल्प का उपयोग करें।
- **Object –** वर्ड पेज में कोई ऑब्जेक्ट जैसे अन्य डॉक्यूमेंट फाइल या एक एक्सेल चार्ट इत्यादि **Insert** करने के लिए इस विकल्प पर क्लिक करें।
- **Drop Cap –** पैराग्राफ के शुरुवात में एक बड़ा कैपिटल लेटर बनाने के लिये **Drop Cap** का उपयोग होता है।

SYMBOL



- इस समूह के अंतर्गत दो **Command** उपलब्ध हैं।
- **Equation** – इस कमांड का प्रयोग आप दस्तावेज पेज पर मैथमेटिकल सूत्र **Insert** करने के लिए कर सकते हैं।
- **Symbol** – यह कमांड आपको डॉक्यूमेंट पेज पर **Symbols Insert** करने की सुविधा प्रदान करता हैं। इसमें सिंबल का एक ग्रुप होता हैं। आप अपने पसंद के सिंबल का चयन कर सकते हैं।

MS Word में Design Tab का उपयोग

MS Word में **Design Tab** का उपयोग वर्ड डॉक्यूमेंट को डिजाइन करने के लिए किया जाता है। इसमें मौजूद **Commands** की मदद से यूजर डॉक्यूमेंट की **Themes, Style Set, Color, Fonts, Page Background, etc.** अपने हिसाब से बदल सकते है।



MS Word में **Design Tab** तीसरे नंबर की टैब है। आप माउस की मदद से इस पर क्लिक करके टैब के अंदर मौजूद सभी **Commands** का उपयोग कर पाएंगे। **Design Tab** को पहली बार **Word 2013** में शामिल किया गया था।

आइये **Design Tab** में मौजूद सभी **Commands** और उनके कार्यों को अच्छे से समझें।

DESIGN TAB के COMMANDS GROUPS और उनका कार्य

Design Tab के अंदर सिर्फ दो सेक्शन या **Command Groups** दिए गए है। जिनमें **Document Formatting** और **Page Background** सेक्शन शामिल है। आइये इनके के बारे जाने।

DOCUMENT FORMATTING

Insert Tab के अंदर यह सेक्शन इस बारे में है**,** कि डॉक्यूमेंट की फोर्मेटिंग किस तरह से की जाए ताकि वह दिखने और पढ़ने में आसान हो। **Document Formatting** सेक्शन की मदद से यूजर पेज की **Themes, Styles, Colors, Fonts, Paragraph Spacing,** और **Theme Effects** को बस एक ही क्लिक में बदल सकते है। नीचे इन **Commands** के बारे में थोड़ा और विस्तार से बताया गया है।

Themes – इस विकल्प की मदद से आप अपने डॉक्यूमेंट में कई सारी **Themes** को अप्लाई कर सकते है। जैसे ही आप कोई **Theme** चुनेंगे आपको सम्पूर्ण डॉक्यूमेंट में काफी बदलाव देखने को मिलेगा।

Style Set – दिए गए विभिन्न **Style Sets** में से चुनकर आप सम्पूर्ण डॉक्यूमेंट के **Style** में बदलाव कर सकते है।

Colors – चुनी गई **Theme** के **Colors** को बदलने के लिये इस विकल्प का उपयोग करें।

Fonts – डॉक्यूमेंट में मौजूद सभी **Texts** का **Style** बदलने के लिए एक नया **Font Set** चुन सकते है।

Paragraph Spacing – डॉक्यूमेंट में **Paragraphs** के बीच मौजूद **Space** को कम ज्यादा करने के लिए इस विकल्प का उपयोग करें।

Effects – अपने डॉक्यूमेंट में मौजूद ऑब्जेक्ट को अलग-अलग **Effect** देने के लिये इस विकल्प पर क्लिक करें।

Set as Default – वर्तमान में आपके डॉक्यूमेंट का जो भी लुक है**,** उसे अपने सभी नए डॉक्यूमेंट में अप्लाई करने के इस विकल्प पर क्लिक करें।

PAGE BACKGROUND



इस सेक्शन में दिए गए फीचर की मदद से यूजर अपने डॉक्यूमेंट पेज के बैकग्राउंड में बॉर्डर, कलर, इत्यादि जोड़ सकते है। **Page Background** सेक्शन में शामिल विकल्पों के नाम और उनके कार्य क्या है, आइये इस बारे में जानें।

Watermark – डॉक्यूमेंट पेज के बैकग्राउंड में **Watermark** डालने के लिये इस विकल्प का उपयोग कीजिये।

Page Color – पेज के बैकग्राउंड में अलग-अलग **Color** जोड़ने के लिये इस विकल्प पर क्लिक करें।

Page Border – पेज में **Border** और **Shading** डालने के लिये इस विकल्प का उपयोग होता है।

Page Layout in MS Word in Hindi?

MS Word की **Page Layout Tab** में वे सभी विकल्प मौजूद होते है, जिनकी मदद से यूजर **Document Page** के **Layout** को अपने हिसाब से सेट कर सकते है। यूजर अपने डॉक्यूमेंट को कैसे दिखाना चाहते है, इसके आधार पर उन्हें **Page** का **Size, Orientation, Margin, Columns, etc.** को कस्टमाइज करने की सुविधा यहाँ मिलती है।



Page Layout तीसरे नंबर की टैब है, **MS Word** में। नीचे पोस्ट में हमने इस टैब में दिए गए सभी विकल्पों के बारे जानकारी दी है। जिसे पढ़ने के बाद आप अपने **Document Layout** को जैसा चाहे वैसा सेट कर सकते है।

Page Layout Tab की Commands और उनका उपयोग

जब आप माउस से **Page Layout Tab** पर क्लिक करेंगे तो इसके अंदर आपको **Page Setup, Paragraph,** और **Arrange** ये तीन ग्रुप दिखाई देंगे। नीचे आपको प्रत्येक ग्रुप में शामिल **Commands** और उनके उपयोग के बारे में बताया गया है।

PAGE SETUP



Page Layout Tab का यह ग्रुप यूजर को **Document Page** के **Size** और उसके **Layout** को बदलने की सुविधा प्रदान करता है। **Page Setup** ग्रुप में मौजूद **Commands** के नाम और उनके उपयोग के बारे में नीचे बताया गया है।

Margins – यह आपके वर्ड डॉक्यूमेंट पेज पर टेक्स्ट और बार्डर के बीच का वह स्थान होता हैं जो डिफाल्ट रूप से एक इंच की जगह होती हैं। आप अपनी आवश्यकता के आधार पर **Margin** को **Normal, Narrow, Wide, etc.** में बदल सकते हैं।

Orientation – इस कमांड की मदद से आप डॉक्यूमेंट पेज को **Portrait (Vertical)** और **Landscape (Horizontal)** दिशा में डिस्प्ले कर सकते है।

Size – यह **Command** आपके डॉक्यूमेंट पेज को अलग-अलग साइज में बदलने की सुविधा प्रदान करता हैं। इस कमांड के इस्तेमाल से आप डॉक्यूमेंट पेज का साइज **A3, A4, A5, etc.** में बदल सकते है।

Columns – इस कमांड का प्रयोग आप किसी पैराग्राफ को दो या उससे अधिक **Columns** में विभाजित करने के लिए कर सकते हैं।

Breaks – इस कमांड का इस्तेमाल आप डॉक्यूमेंट टेक्स्ट को एक नए पेज में मूव कराने के लिए कर सकते हैं।

Line Numbers – आप इस विकल्प का प्रयोग अपने डॉक्यूमेंट पेज की प्रत्येक लाइन को **Number** देने के लिए कर सकते हैं।

Hyphenation – वर्ड डॉक्यूमेंट को स्वचालित रूप से **Hyphenate** करने के लिए इस विकल्प का उपयोग करें।

PARAGRAPH



Page Layout Tab के अंदर यह दूसरे नंबर का ग्रुप है। इसकी मदद से यूजर **Paragraph** के **Indent** और उनके बीच की **Spacing** को **Adjust** कर सकते है।

Indent – **Left** और **Right Indent** का उपयोग करके आप चुन सकते है कि किसी **Paragraph** को **Left** और **Right Margin** से कितना दूर ले जाना है।

Spacing – इस विकल्प की मदद से आप यह तय कर सकते है कि चुने गए **Paragraph** के उप्पर और नीचे कितना **Space** होना चाहिए।

ARRANGE



Page Layout Tab में **Arrange** ग्रुप का उपयोग विभिन्न **Objects** जैसे **Pictures, Shapes, etc.** को डॉक्यूमेंट में बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने के लिए किया जाता है। इस ग्रुप में शामिल सभी **Commands** और उनके उपयोग के बारे में नीचे बताया गया है।

Position – किसी **Object** को डॉक्यूमेंट पेज में कही भी रखने के लिये इस विकल्प का उपयोग करें। जब भी आप **Object** को डॉक्यूमेंट पेज किसी एक स्थान पर रखेंगे वहां मौजूद टेक्स्ट स्वचालित रूप से उस **Object** के चारो और एकत्रित हो जाएगा ताकि उसे पढ़ना भी आसान हो।

Wrap Text – इस विकल्प की मदद से आप ये चुन सकते है कि डॉक्यूमेंट में किसी ऑब्जेक्ट के आस-पास टेक्स्ट किस तरह से **Wrap** किया जाएगा।

Bring Forward – चुने गए ऑब्जेक्ट को डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट या किसी अन्य ऑब्जेक्ट के सामने लाने के लिए इस विकल्प का उपयोग करें।

Send Backward – इसका उपयोग तब करें जब आप चुने गए ऑब्जेक्ट को टेक्स्ट या किसी अन्य ऑब्जेक्ट के पीछे भेजना चाहते हैं।

Selection Pane – यह विकल्प आपके खुद के ऑब्जेक्ट को आसानी से खोजने में हेल्प करता हैं ओर स्थिति निर्धारित करने के लिए इसका चयन करता हैं।

Align – आप इस विकल्प का प्रयोग वर्ड डॉक्यूमेंट पेज पर ऑब्जेक्ट को **Align** करने**,** उसकी पोजीशन निर्धारित करने और पेज पर **Grid-line** सेट करने के लिए कर सकते हैं।

Group – इस ऑप्शन के द्वारा आप किसी एक कारण से ऑब्जेक्ट्स का ग्रुप बना सकते हैं और उनका **Size** बदलकर उनकी पोजीशन निर्धारित कर सकते हैं।

Rotate – जब आप डॉक्यूमेंट में चुने गए ऑब्जेक्ट को **Rotate** करना चाहते हैं या अलग-अलग दिशा में घुमाना चाहते हैं। आप उस समय इस विकल्प का चयन कर सकते हैं।

तो यह था **MS Word** की **Page Layout Tab** का परिचय। अगर आप **Word** में किसी डॉक्यूमेंट पर काम कर रहे है और आपको उसका **Layout** बदलना है। तो यह पोस्ट आपको **Page Layout Tab** के सभी विकल्पों को समझने में मदद करेगी।

MS Word References Tab in Hindi?

Microsoft Word में **References Tab** आपको ठीक **Layout Tab** के बगल में मिलेगी। इस पर माउस से क्लिक करने पर आपको कई सारे विकल्प दिखायी देंगे जिनका उपयोग करके आप अपने डॉक्यूमेंट में **Table of Contents, Bibliography, Citations & References, etc.** जोड़ सकते है।

उदाहरण के लिये अगर आप **Word** में एक रिसर्च पेपर बना रहे है**,** तो उसमे किसी जानकारी का हवाला देने या उसके सोर्स के बारे में बताने के लिए आपको **References Tab** की मदद लेनी होती है।

नीचे पोस्ट में आपको **MS Word** की **Reference Tab** में दिए गए सभी विकल्पों और उनके उपयोग के बारे में बताया गया है।

MS Word में References Tab का Use कैसे करें

References Tab का उपयोग करने के लिये आपको इसमें दी गयी सभी **Commands** के बारे में जानकारी होनी चाहिए। जब आप माउस से **Reference Tab** पर क्लिक करेंगे तो इसमें आपको कुल सात **Groups** दिखाए देंगे।

जिसमें **Table of Contents, Footnotes, Research, Citations & Bibliography, Captions, Index** और **Table of Authorities** ग्रुप शामिल है। आइये प्रत्येक ग्रुप और उसमें दिए गए विकल्पों के उपयोग के बारे में जाने।

TABLE OF CONTENTS



Reference Tab में **Table of Content** आपके डॉक्यूमेंट की **Headings** पर आधारित होता है। वर्ड आपके डॉक्यूमेंट में **Headings** का उपयोग सामग्री की एक ऑटोमैटिक टेबल बनाने करने के लिए करता हैं। आसान भाषा में डॉक्यूमेंट में शामिल किए गए मुख्य टॉपिक की सूची बनाने के लिए **Table of Content** का उपयोग होता हैं।

Table of Content – इस कमांड पर क्लिक करके यूजर अपने डॉक्यूमेंट के लिए **Table of Content** क्रिएट कर सकते है।

Add text – इस कमांड का प्रयोग वर्ड डॉक्यूमेंट पेज पर एक नयी **heading** और **Subheading** क्रिएट करने के लिए किया जाता हैं।

Update Table – इस कमांड का उपयोग सभी **Headings** को **Table of Content** में अपडेट करने के लिये किया जाता हैं।

FOOTNOTES



Footnote, वर्ड डॉक्यूमेंट पेज के निचले भाग में रखे गए **Notes** होते हैं। ये ऊप्पर दिए गए पाठ के किसी भाग पर रिफरेन्स या कमेंट का उल्लेख करते है।

Insert Footnotes – इस कमांड का प्रयोग आप नोट को डॉक्यूमेंट पेज के निचले भाग में इन्सर्ट करने लिए कर सकते हैं।

Insert Endnotes – आप नोट को डॉक्यूमेंट पेज के अंत में इन्सर्ट करने के लिए इस कमांड का उपयोग कर सकते हैं।

Next Footnotes – डॉक्यूमेंट में अगले या पिछले **Footnote** और **Endnote** में जाने के लिये इस विकल्प का उपयोग करें।

Show Notes – इस कमांड का उपयोग डॉक्यूमेंट में मौजूद **Footnotes** और **Endnotes** को खोजने के लिए किया जाता हैं।

Research



ऑनलाइन किसी परिभाषा, इमेज, वेबपेज, और अन्य चीजों को सर्च करने के लिए इस विकल्प पर क्लिक करे।

CITATIONS & BIBLIOGRAPHY



जब आपके डॉक्यूमेंट में किसी और का काम होता है, तो इसे आमतौर पर **Reference** के लिये बताना होता है। इससे पढ़ने वाले उस जानकारी के सोर्स की पुष्टि कर सकते है।

References Tab में शामिल **Citations & Bibliography Group** यूजर को किसी जानकारी के सोर्स को डॉक्यूमेंट में जोड़ने की अनुमति देता है। नीचे इस ग्रुप में शामिल सभी विकल्पों के नाम और उनके कार्य के बारे बताया गया है।

Insert Citation – अपने डॉक्यूमेंट में उपयोग की गयी जानकारी के सोर्स के रूप में किसी बुक, जनरल आर्टिकल, रिपोर्ट, और कोई अन्य सामग्री जहां से वह जानकारी ली गयी है, का रिफरेंस देने के लिये इस विकल्प का उपयोग करें।

Manage Sources – डॉक्यूमेंट में शामिल सभी सोर्स की लिस्ट देखने और उन्हें एडिट करने के लिये इस विकल्प का उपयोग करें।

Style – Citation का **Style** चुनने जैसे **APA, Chicago, MLA, etc.** के लिये इस विकल्प पर क्लिक करें।

